नगर निगम द्वारा नगर के कंटेन्मेंट छेत्र में चला सफ़ाई अभियान व सेनेटाइज़ेशन कार्य

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहांपुर। कोविड-19९ महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम मे नगर के में बने कंटेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन का कार्य वृहद स्तर पर कराया गया।

जिसके अंतर्गत नगर के सफाई जोन-1 में गदियाना, दिलाजाक, ऑफीसर्स कॉलोनी, दुर्घटना न्यायालय, कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन में सफाई एवं खाद्य निरक्षक पवन कुमार की देख रेख में सैनिटाइजेशन कार्य कराया गया। सफाई जोन-2 में बहादुरपुरा, अंटा चौराहा, तारीन बहादुरगंज एवं घनी बस्तियों में सैनिटाइजेशन का कार्य कराया गया। सफाई जोन-3 में मोहम्मदजई, खलीलशर्की, सीतापुर आई हॉस्पिटल में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में सैनिटाइजेशन का कार्य कराया गया। सफाई जोन-4 में मेहमान शाह, चौक, बक्सरिया, जिला अस्पताल, गर्राघाट स्थित श्मशान घाट में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चंद्रवीर सिंह सागर की देखरेख में सैनिटाइजेशन का कार्य कराया गया। सफाई जोन-5 में रोशनगंज, दीवान जोगराज, अहमदपुर, फत्तेपुर रेती में सैनिटाइजेशन का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने नालों की सफाई का कार्य नियमित रूप से कराया जा रहा है। नगर के एमनजई जलालनगर में सादिक खां की मस्जिद के पास, महिला थाने के सामने बने नाले एवं ऑफीसर्स कॉलोनी में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में कराया गया सफाई जोन-2 में बाल्मीकि वाटिका से चमकनी रेलवे लाइन तक व हददफ़ चौकी के पास बने नाले की सफाई का कार्य हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख में कराया गया। सफाई जोन-3 में सरस्वती स्कूल के सामने बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में कराया गया। सफाई जोन-4 में केरूगंज से खोया मंडी मोड़ तक बने नाले की सफाई का कार्य चंद्रवीर सिंह सागर की देखरेख में कराया गया। सफाई जोन-5 में ख्वाजा फिरोज में पूर्व सभासद जाहिद के मकान से खन्नौत नदी तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में कराया गया।